
न्यूज विंडो राजस्थान पत्रिका xpose
दिनांक: 01/04/2019



## सोल बीट्स में फैशन शो

**जोधपुर.** डांगियावस स्थित एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार को सोल बीट्स के तहत कई कार्यक्रम हुए। तकनीकी कार्यक्रम संयोजिका दीपिका चौधरी ने बताया कि वाद विवाद में रमेश कुमार की टीम प्रथम और अरुण गौड़ की टीम द्वितीय, विज्ञान प्रश्नोतरी में अरुण गौड़ व हरीश प्रथम और तन्मय पुरोहित व स्वरूप डागा द्वितीय, ट्रेजर हन्ट में कामाक्षा जोशी की टीम प्रथम तथा अरुण गौड़ की टीम द्वितीय रही। लोगो डिजायन में डिप्लोमा के नृसिंहराम प्रथम तथा इन्जीनियरिंग के अनमोल शर्मा द्वितीय, निबन्ध लेखन में कुलवन्त सिंह प्रथम तथा जीएनएम के रविन्द्र सिंह द्वितीय रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका निहारिका मिश्रा और अंकिता अग्रवाल ने बताया कि एकल व समूह नृत्य और गायन की प्रथम चरण की प्रतियोगिता और फैशन शॉ का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में कैरम में मैकेनिकल के मनोज पुरी प्रथम और सिविल के भजन लाल द्वितीय रहे।

न्यूज विंडो राजस्थान पत्रिका xpose
दिनांक: 01/04/2019



सोल बीट्स में फैशन शो

जोधपुर. डांगियावस स्थित एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार को सोल बीट्स के तहत कई कार्यक्रम हुए। तकनीकी कार्यक्रम संयोजिका दीपिका चौधरी ने बताया कि वाद विवाद में रमेश कुमार की टीम प्रथम और अरुण गौड़ की टीम द्वितीय, विज्ञान प्रश्नोतरी में अरुण गौड़ व हरीश प्रथम और तन्मय पुरोहित व स्वरूप डागा द्वितीय, ट्रेजर हन्ट में कामाक्षा जोशी की टीम प्रथम तथा अरुण गौड़ की टीम द्वितीय रही। लोगो डिजायन में डिप्लोमा के नृसिंहराम प्रथम तथा इन्जीनियरिंग के अनमोल शर्मा द्वितीय, निबन्ध लेखन में कुलवन्त सिंह प्रथम तथा जीएनएम के रविन्द्र सिंह द्वितीय रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजिका निहारिका मिश्रा और अंकिता अग्रवाल ने बताया कि एकल व समूह नृत्य और गायन की प्रथम चरण की प्रतियोगिता और फैशन शॉ का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में कैरम में मैकेनिकल के मनोज पुरी प्रथम और सिविल के भजन लाल द्वितीय रहे।

Scanned by CamScanner

# सोल बीट्स में खेलकूद का समापन



**जोधपुर.** डागियावास स्थित एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में सोल बीट्स कार्यक्रम के चौथे दिन सोमवार को अन्तिम चरण की प्रतियोगिताएं हुई। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बोहरा ने बताया कि क्रिकेट फाइनल में सिविल इन्जीनियरिंग, कब्बडी में पेट्रोलियम व इलेक्ट्रिकल, वॉलीबाल में इलेक्ट्रिकल की टीम, बैडमिन्टन में दक्ष चौधरी, सौ मी. रेस में मनीष चौधरी, लाँग जम्प में बलदेव, ट्रेजर हन्ट में कामांक्षा जोशी की टीम, विज्ञान प्रश्नोतरी में अरुण गौड़ व हरीश गहलोत, वाद-विवाद में जीत पटेल की टीम विजेता रही। रंगोली में कामाक्षा, सुनीता व रचना की टीम, फूड विदाउट फ्लेम में कृष्णा और सोनिया चौधरी की टीम, लोगो डिजायन में नर्सिंग राम, कविता पाठन में सुनिल डेरू विजेता रही। सीएमडी प्रियंका जितेन्द्र गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम का समापन और कल्चरल नाइट मंगलवार शाम 5 बजे शक्ति नगर (पावटा) स्थित सिटी ऑफिस में होगा।

राजस्थान पत्रिका xpose.
दिनांक = 02/04/2019


# सोल बीट्स में खेलकूद का समापन





**जोधपुर.** डागियावास स्थित एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में सोल बीट्स कार्यक्रम के चौथे दिन सोमवार को अन्तिम चरण की प्रतियोगिताएं हुई। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बोहरा ने बताया कि क्रिकेट फाइनल में सिविल इन्जीनियरिंग, कब्बडी में पेट्रोलियम व इलेक्ट्रिकल, वॉलीबाल में इलेक्ट्रिकल की टीम, बैडमिन्टन में दक्ष चौधरी, सौ मी. रेस में मनीष चौधरी, लाँग जम्प में बलदेव, ट्रेजर हन्ट में कामांक्षा जोशी की टीम, विज्ञान प्रश्नोतरी में अरुण गौड़ व हरीश गहलोत, वाद-विवाद में जीत पटेल की टीम विजेता रही। रंगोली में कामाक्षा, सुनीता व रचना की टीम, फूड विदाउट फ्लेम में कृष्णा और सोनिया चौधरी की टीम, लोगो डिजायन में नर्सिंग राम, कविता पाठन में सुनिल डेरू विजेता रही। सीएमडी प्रियंका जितेन्द्र गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम का समापन और कल्चरल नाइट मंगलवार शाम 5 बजे शक्ति नगर (पावटा) स्थित सिटी ऑफिस में होगा।



Scanned by CamScanner

Rajasthan Patrika
03/04/2019

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन




जोधपुर. एसएलबीएस एज्यूकेशन ग्रुप की ओर से पावटा के शक्ति नगर में सोल बीट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके समापन अवसर पर विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। संस्थान के अध्यक्ष मंगलाराम चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेएनवीयू के कुलपति गुलाब सिंह चौहान, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा मण्डल डीएस यादव, जेताराम विश्नोई, मुकेश तेतरवाल, जसवन्त सिंह कच्छवाह आदि ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। संस्थान सीएमडी प्रियंका जितेन्द्र गोदारा, कॉलेज निदेशक आरके विश्नोई ने आभार जताया।

Scanned by CamScanner

## एसएलबीएस कॉलेज में कैंपस साक्षात्कार



डांगियावास स्थित एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के छात्रों का कैंपस इंटरव्यू आयोजित हुआ। डिप्लोमा कॉलेज के प्राचार्य अरुण माथुर ने बताया की बैंगलुरू स्थित 'हायर मी' कंसलटेंट सर्विस ने साक्षात्कार आयोजन किया। कंपनी के सीनियर कैंपस रिलेशन मैनेजर पंकज श्रीवास्तव ने 150 प्रतिभागियों के प्रथम चरण के साक्षात्कार लिए। जिनका मौखिक परीक्षण, सांख्यिकी परीक्षण, तार्किक क्षमता, कंप्यूटर ज्ञान, व्यवहारिक ज्ञान, वार्तालाप तथा उनकी तकनीकी समझ के आधार पर चयनित किया जाना प्रस्तावित है। साक्षात्कार के प्रथम चरण में चयनित प्रतिभागियों का मुख्य कंपनी ने सीधे ऑनलाइन साक्षात्कार होने के बाद कंपनी में चयनित किया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बोहरा ने बताया कि ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम समयावधि से पूर्व ही उनके भविष्य निर्माण में अनुकरणीय योगदान रहता है। इससे पूर्व कॉलेज निदेशक आरके विश्नोई ने छात्रों के लिए एक आमुखीकरण कार्यक्रम भी रखा, जिसमें उन्हें इस ड्राइव में उत्तम प्रदर्शन करने में मदद मिल सके। कॉलेज के टीपीओ रजत मंगल एवं राकेश प्रजापत ने सहयोग किया।

दैनिक भास्कर सिटी भास्कर
दिनांक: 05/04/2019

## एसएलबीएस कॉलेज में कैंपस साक्षात्कार



डांगियावास स्थित एसएलबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को इंजीनियरिंग व पॉलिटेक्निक डिप्लोमा के छात्रों का कैंपस इंटरव्यू आयोजित हुआ। डिप्लोमा कॉलेज के प्राचार्य अरुण माथुर ने बताया की बैंगलुरू स्थित 'हायर मी' कंसलटेंट सर्विस ने साक्षात्कार आयोजन किया। कंपनी के सीनियर कैंपस रिलेशन मैनेजर पंकज श्रीवास्तव ने 150 प्रतिभागियों के प्रथम चरण के साक्षात्कार लिए। जिनका मौखिक परीक्षण, सांख्यिकी परीक्षण, तार्किक क्षमता, कंप्यूटर ज्ञान, व्यवहारिक ज्ञान, वार्तालाप तथा उनकी तकनीकी समझ के आधार पर चयनित किया जाना प्रस्तावित है। साक्षात्कार के प्रथम चरण में चयनित प्रतिभागियों का मुख्य कंपनी ने सीधे ऑनलाइन साक्षात्कार होने के बाद कंपनी में चयनित किया जाएगा। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बोहरा ने बताया कि ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम समयावधि से पूर्व ही उनके भविष्य निर्माण में अनुकरणीय योगदान रहता है। इससे पूर्व कॉलेज निदेशक आरके विश्नोई ने छात्रों के लिए एक आमुखीकरण कार्यक्रम भी रखा, जिसमें उन्हें इस ड्राइव में उत्तम प्रदर्शन करने में मदद मिल सके। कॉलेज के टीपीओ रजत मंगल एवं राकेश प्रजापत ने सहयोग किया।

Scanned by CamScanner